समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ का अंडर-19 डेब्यू, श्रीलंका दौरे पर भारत की पूरी प्लेइंग-11 ने पहली बार पहनी टीम इंडिया की जर्सी

Sanket Morankar | Published on 04 Jul 2026



भारतीय क्रिकेट के लिए शनिवार का दिन खास बन गया, जब श्रीलंका दौरे पर गई **भारत की अंडर-19 टीम** ने पहले यूथ वनडे मुकाबले में एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। इस मैच में भारत की प्लेइंग-11 में शामिल सभी **11 खिलाड़ियों ने एक साथ अपना अंडर-19 वनडे डेब्यू** किया।

इस युवा टीम का सबसे चर्चित नाम पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व मुख्य कोच **राहुल द्रविड़** के छोटे बेटे **अन्वय द्रविड़** रहे, जिन्होंने बतौर **विकेटकीपर-बल्लेबाज** भारतीय अंडर-19 टीम के लिए अपना पहला मुकाबला खेला।

## पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे है अन्वय

घरेलू और जूनियर क्रिकेट में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अन्वय द्रविड़ को भारतीय अंडर-19 टीम में जगह मिली। अब उन्होंने नीली जर्सी पहनकर अपने अंतरराष्ट्रीय जूनियर करियर की शुरुआत कर दी है। इससे पहले राहुल द्रविड़ के बड़े बेटे **समित द्रविड़** भी जूनियर क्रिकेट में अपनी पहचान बना चुके हैं।

## पूरी टीम ने किया एक साथ डेब्यू

क्रिकेट इतिहास में ऐसे मौके बेहद कम देखने को मिलते हैं, जब किसी टीम की पूरी प्लेइंग-11 पहली बार मैदान पर उतरती हो। श्रीलंका के खिलाफ इस मुकाबले में भारत की पूरी टीम नए खिलाड़ियों से सजी थी, जिसने इसे और भी यादगार बना दिया।

## वनडे के बाद खेली जाएगी यूथ टेस्ट सीरीज

भारत की अंडर-19 टीम इस समय श्रीलंका दौरे पर तीन मैचों की यूथ वनडे सीरीज खेल रही है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच **दो यूथ टेस्ट मैच** भी खेले जाएंगे। चयनकर्ताओं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि यह नई टीम आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट को

कई भविष्य के सितारे देगी।

**भारत की प्लेइंग-11**

- यशवर्धन चौहान (कप्तान)
- लक्ष्य रायचंदानी
- सागर विर्क
- कुशाग्र ओझा
- **अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर)**
- यशवीर गौड़
- अर्जुन राजपूत
- शाविन विनोद
- मोहित उल्वा
- काव्य परेश पटेल
- रोहित यादव

नई प्रतिभाओं से सजी इस टीम पर अब सबकी नजरें होंगी। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि राहुल द्रविड़ की तरह ही अन्वय द्रविड़ और उनके साथी युवा खिलाड़ी भी अपने प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट का भविष्य मजबूत करेंगे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.